कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)
Ph. & Fax (o) - 06541- 298011 E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in

पत्रांक– 1626 दिनांक– 12-07-2023.

सेवा में,

परियोजना पदाधिकारी,
मगध खुली खदान परियोजना,
होन्हे, टण्डवा, चतरा।

विषयः– मेसर्स सी0सी0एल0 द्वारा चतरा जिला अन्तर्गत मगध खुली खदान परियोजना पूर्वी भाग के लिए 192.36 हे0 (वन भूमि– 57.29 हे0 एवं जंगल झाड़ी– 135.07 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा की गई पृच्छा का अनुपालन करने के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक– P.O.(M)/Forest/192.23 Ha./2023-24/528 दिनांक 02.06.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के सन्दर्भ में सूचित करना है कि भारत सरकार द्वारा की गई पृच्छा के आलोक में बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन के अवलोकनोंपरांत कतिपय त्रुटियाँ पाई गई जो निम्नवत है–

1. शर्त्त संख्या 02 के अनुपालन में मगध ओ0सी0पी0 से संघमित्रा ओ0सी0पी0 में ट्रांसफर किये गये वन भूमि के संबंध में Justification देना है जिसमें आपके द्वारा दिये गये जबाव में स्पष्ट नहीं है कि मगध ओ.सी.पी. से संघमित्रा ओ.सी.पी. में कितना क्षेत्र ट्रांसफर किया गया है। इसमें स्पष्ट उल्लेख करें।
2. शर्त्त संख्या 06 के अनुपालन में 96.72 हे0 मगध ओ.सी.पी. कोल परियोजना जिसपर भारत सरकार द्वारा स्टेज–2 की स्वीकृति प्राप्त है उसका बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करना है जिसमें आपने वन प्रमंडल पदाधिकारी को माह अप्रैल में स्टेज–2 अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया है उसका पत्र संलग्न किया गया है जो अस्पष्ट है।

अतः उपरोक्त त्रुटियों के निराकरण हेतु अनुपालन प्रतिवेदन की सभी मूल प्रतियाँ एवं ऑनलाईन इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए अनुरोध है कि संशोधित अनुपालन प्रतिवेदन यथाशीघ्र इस कार्यालय में समर्पित करें ताकि भारत सरकार को अग्रसारित किया जा सके।

विश्वासभाजन,

12/7/23

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

12/07/2023

Scanned with CamScanner